बिहार सरकार

Catch-Up Course

सेतु सामग्री

कक्षा–VII & VIII

विषय–सामाजिक विज्ञान

सहयोग– बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, बिहार

अकादमिक सहयोग– यूनिसेफ, बिहार

राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् बिहार, पटना द्वारा विकसित

शिक्षकों के लिए निर्देश

आप सभी अवगत हैं कि पिछले लगभग 10 माह से कोविड 19 के कारण विद्यालयों में बच्चों का पठन–पाठन सहित अन्य शैक्षणिक कार्य बाधित रहा है जिसके कारण उनके सीखने की प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न हो गई है। इस लंबे और त्रासद अंतराल ने इस दौरान सीखने के अपेक्षित अवसरों को, खास कर विद्यालय में, कम कर दिया जिसके कारण बच्चों में Learning Loss या Gap बढ़ गया है। अतः ये आवश्यक और अपेक्षित है कि इस Learning Loss या Gap को कम किया जाय। शिक्षा से जुड़े विभिन्न हितधारकों से व्यापक विचार–विमर्श के उपरांत राज्य स्तर पर यह निर्णय लिया गया कि बच्चों के सीखने सिखाने की प्रक्रिया को गति प्रदान करने और उनमें अगली कक्षा की दक्षताओं के प्रति तत्परता उत्पन्न हो सके, इसके लिए अगले तीन महीनो के लिए कोविड काल से सम्बन्धित कक्षा के लिए, अधिगम प्रतिफलों के आलोक में विषय वस्तु को इस तरह तार्किक और संतुलित रूप से कम करते हुए प्रस्तुत किया जाय कि Learning Loss या Gap को कम किया जा सके। इसके लिए तीन माह का Catch-Up-Course विकसित करते हुए पाठ्य–पुस्तक से उन सामग्रियों/विषय वस्तुओं/गतिविधियों की पहचान की गई जिनके माध्यम से बच्चों के Learning Loss या Gap को कम करते हुए अपेक्षित अधिगम प्रतिफल सुनिश्चित कर उन्हें अगली कक्षा के लिए तैयार और तत्पर किया जा सके। वस्तुतः चिन्हित सामग्री/विषय वस्तु/गतिविधियां, क्रियाकलाप तथा शिक्षण रणनीति पूर्व और अगली कक्षा के लिए सेतु का कार्य करेगी।

वैकल्पिक शैक्षणिक कैलेंण्डर के अंतर्गत Catch-Up-Course और चयनित विषय वस्तु के आलोक में बच्चों में अपेक्षित अधिगम प्रतिफल सुनिश्चित हो सके इस हेतु निम्न तथ्यों को ध्यान में रखा जाना अपेक्षित है।

–कोविड– 19 की सुरक्षा से सम्बन्धित सभी विभागीय निर्देशों एवं प्रावधानों का पूर्णतः सावधानी से अनुपालन किया जाए।

– Catch-Up-Course कुल 60 दिनों के लिए विकसित किया गया है।

– चयनित विषयवस्तु में सामाजिक विज्ञान (इतिहास, भूगोल, सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक जीवन) की पाठ्य–पुस्तक 6–7 के पाठ लिए गए हैं। कक्षा 6–7 के बच्चे जो सत्र 2021–22 में कक्षा 7–8 में पढ़ रहे हैं, उनके लिए तीन महीनों का Catch-Up-Course है।

–चिन्हित पाठों से सम्बन्धित अधिगम प्रतिफल या सीखने के प्रतिफल Catch-Up-Course के सम्बन्धित पाठ के साथ दिये गए हैं।

– सभी चिन्हित पाठों के लिए अधिगम संकेतक दिये गए है जिनके आलोक में बच्चों में अधिगम सुनिश्चित किया जाना अपेक्षित है।

– पुनः सभी पाठों के साथ बच्चों में सहज अधिगम सुनिश्चित किए जाने को ध्यान में रखते हुए उससे सम्बन्धित कुछ सुझावात्मक प्रक्रिया दी गई है जिनका उपयोग कक्षा कक्ष प्रक्रिया में किया जा सकता है। ध्यान रहे ये प्रक्रिया मात्र सुझाव है न कि अंतिम। आप पाठ से सम्बन्धित नवाचारी प्रक्रियों का उपयोग करके अपनी प्रस्तुति को और भी सुगम बनाते हुए बच्चों के सीखने–सिखाने की प्रक्रिया को सहज और आकर्षक बना सकते हैं।

–सुझावात्मक प्रक्रिया के अंतर्गत पाठ से सम्बन्धित गतिविधियां, क्रिया कलाप और तालिकाओं की चर्चा की गई है जिन्हें कक्षा कक्ष में सीखने–सिखाने की प्रक्रिया में शामिल किया जाना अपेक्षित है जिससे बच्चों का सीखना सुनिश्चित हो सके और अधिगम प्रतिफल की संप्राप्ति हो सके।

– सुविधा के लिए प्रत्येक पाठ से संबन्धित गतिविधियों, क्रियाकलाप और तालिका से संबन्धित पृष्ठों को भी अंकित किया गया है।

–पुनः सभी चिन्हित पाठों से संबन्धित सीखने–सिखाने की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए संभावित दिनों की संख्या भी सुझााई गई है जिसे ध्यान में रखा जाय।

– सीखने–सिखाने की प्रक्रिया में बच्चों को बातचीत करने, अपने अनुभवों को साझाा करने और जहां तक संभव हो स्वयं से कर के सीखने का पर्याप्त अवसर दिया जाना अपेक्षित है। इससे बच्चों को कोविड 19 के कारण हुए विविध आघात (Trouma) और संबन्धित दुष्प्रभावों से बाहर निकालने में मदद मिलेगी, बच्चे सहज हो सकेंगे, विद्यालय, कक्षा और अपने सहपाठियों के प्रति भी सहज हो सकेंगे।

– यह ध्यान रखा जाना आवश्यक है कि बच्चे पूरी शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया में मानसिक और शारीरिक रूप से सहज बने रहे। सम्पूर्ण शैक्षिक प्रक्रिया और विद्यालय वातावरण दवाबमुक्त हो।

निदेशक
(गिरिवर दयाल सिंह)
राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्
बिहार, पटना।

शैक्षणिक सत्र 2021–22 के लिए तीन महीनों की सेतु सामग्री (Catch-up Course)

कक्षा – 7 (कक्षा – 6 के बच्चे जो सत्र 2021–22 में कक्षा–7 में पढ़ रहे हैं, उनके लिए 60 कार्य दिवसों की पाठ्य सामग्री)

विषय :– सामाजिक विज्ञान (इतिहास) अतीत से वर्तमान – भाग – 01

समान अधिगम प्रतिफल के आधार पर पाठों को समायोजित कर कार्य दिवसों के आधार पर विभक्त किया गया है। मूल पाठों की संख्या 14 (चौदह) है जिसे समायोजन के पश्चात 9 (नौ) अध्यायों के अंतर्गत रखा गया है।

अधिगम प्रतिफल	क्रम संख्या	पाठ क्रम संख्या	पाठ का नाम	अवधि
विभिन्न प्रकार के ऐतिहासिक स्रोतों, उसके प्रकारों तथा उसके महत्व को समझाना।	1.	2	क्या, कब, कहाँ और कैसे?	2 कार्य दिवसों में
प्रारंभिक मानव जीवन, संस्कृति एवं उसमें हो रहे बदलावों और उनके विकास को बताना।	2.	3 4	प्रारंभिक समाज प्रथम कृषक एवं पशुपालन	3 कार्य दिवसों में
धातु युग की समझ, नगरीय सभ्यता (सिंधु घाटी सभ्यता) की विशेषता को स्पष्ट करना।	3.	5	प्रारंभिक शहर : प्रथम नगरीकरण	3 कार्य दिवसों में
वैदिक संस्कृति की विशेषता को समझाना। लोहे के उपयोग के बाद मानव जीवन में होने वाले बदलावों को बताना।	4.	6 8	जीवन के विभिन्न आयाम नए प्रश्न : नवीन विचार	3 कार्य दिवसों में
आरंभिक राज्यों के राजनैतिक– भौगोलिक स्थिति को बताना। मौर्य साम्राज्य की राजनीतिक, इतिहास, प्रशासन एवं अशोक के कार्यों को समझाना।	5.	7 9	प्रारंभिक राज्य प्रथम साम्राज्य	3 कार्य दिवसों में
मौर्योत्तरकालीन आर्थिक स्थिति को बताना। संगम काल की समझ विकसित करना।	6.	10	शहरी एवं ग्राम जीवन	1 कार्य दिवस में
बौद्ध धर्म के विदेशों में प्रसार एवं भारत की सांस्कृतिक प्रसार को बताना।	7.	11	सुदूर प्रदेशों से संपर्क	1 कार्य दिवस में
गुप्त साम्राज्य एवं अन्य राजवंशों के राजनैतिक इतिहास से परिचित कराना।	8.	12	नए साम्राज्य एवं राज्य	2 कार्य दिवसों में
संस्कृति एवं विज्ञान के क्षेत्र में भारत के महत्वपूर्ण योगदानों को बताना।	9.	13	संस्कृति और विज्ञान	1 कार्य दिवस में
		पुनरावृत्ति	.	1 कार्य दिवस में

शैक्षणिक सत्र 2021–22 के लिए तीन महीनों की सेतु सामग्री (Catch-Up-Course)

कक्षा – 7 (कक्षा – 6 के बच्चे जो सत्र 2021–22 में कक्षा 7 में पढ़ रहे हैं, उनके लिए 60 कार्य दिवसों की सामग्री)

कक्षा - 7 विषय-सामाजिक विज्ञान (इतिहास)

सीखने का प्रतिफल	अध्याय	अधिगम संकेतक	सुझावात्मक प्रक्रिया	अवधि
Learning Outcomes	Chapters	Learning Indicators	Suggestive Process	Duration
• स्रोतों की पहचान एवं विविध प्रकार के स्रोतों में अंतर करते हैं। • ऐतिहासिक स्रोत का विर्णन अपने शब्दों में करते है। • मानचित्र के आधार पर भारत की भौगोलिक, राजनैतिक सीमाओं की पहचान करते हुए ऐतिहासिक पुरास्थलों को अंकित करते हैं। • भारत में आरंभिक मानव बस्तियों को मानचित्र के माध्यम से पहचान सकते हैं।	**क्या, कब,कहाँ और कैसे? (अध्याय–2)**	• ऐतिहासिक स्रोतों और उनके विविध प्रकार तथा महत्व की समझ है। • इतिहास की परिभाषा जानते हैं। • देश का नामकरण कैसे हुआ, इससे संबंधित ऐतिहासिक एवं पौराणिक कथाओं की जानकारी है। • नदियों के किनारे सभ्यता के विकास के कारणों को जानते हैं।	• भारत के प्राचीन मानचित्र का अवलोकन एवं उसपर स्थलों को चिन्हित करना। (शिक्षक द्वारा) • पाठ्य पुस्तक में दी गयी अवधारणाओं का समूह में विश्लेषण करके सिखाना (शिक्षक–छात्र) • पुराने समय की परंपराओं से वर्तमान में क्या अंतर है, उसको जानने का प्रयास कर सकते हैं।	2 कार्य दिवसों में
• आरंभिक मानव की जीवन शैली एवं उनके द्वारा उपयोग में लाई गई भौतिक सामग्रियों की पहचान करते हैं। • प्रारंभिक मानव–संस्कृति एवं	**प्रारंभिक समाज (अध्याय–3)** **प्रथम कृषक एवं पशुपालन (अध्याय–4)**	• आरंभिक मानव एवं उनके भोजन स्रोत्र को जानते हैं। • आरंभिक मानव की जीवन शैली के साथ अभी के जीवन शैली में	• स्थान विशेष का पाठ्य–पुस्तक के आधार पर अवलोकन एवं विश्लेषण जैसे–पैसरा (मुंगेर), चिरांद (सारण), मेहरगढ़ (पाकिस्तान) • मानचित्र अवलोकन कर	3 कार्य दिवसों में

उसमें हो रहे बदलावों और उनके विकास को समझते हैं।		आए बदलावों को बताते हैं। • आग के आविष्कार का महत्व समझते हैं। • आरंभिक मानव और नवपाषाणकालीन, मानव के जीवन में आए परिवर्तनों को बताते हैं। • खेती की शुरूआत एवं उसके कारण मानव जीवन में बदलाव की समझ है।	ऐतिहासिक स्थलों की पहचान कर सकते हैं। (शिक्षक–छात्र) • पाषाणकालीन भौतिक वस्तुओं एवं औजारों का अवलोकन एवं उसमें अंतर करना (शिक्षकों के माध्यम से) • आरंभिक कृषि के तरीके एवं उनके औजारों की तुलना वर्तमान समय के कृषि एवं उसके औजारों के साथ (छात्र द्वारा) करना। • आरंभिक मानव के भोजन सामग्री की सूची बनाना एवं आज के भोजन सामग्री के साथ तुलना करना।	
• धातु युग की समझ है। • नगरीय सभ्यता की विशेषताओं विशेषकर सिंधु घाटी सभ्यता का विश्लेषण करते हैं। • मानव संस्कृति सभ्यता अवस्था में कैसे प्रवेश करती है इसकी जानकारी है।	**प्रारंभिक शहरः– प्रथम नगरीकरण (अध्याय–5)**	• सभ्यता की समझ है। • धातु युग की विशेषताओं एवं इसमे होने वाले परिवर्तनों को समझते हैं। • सिंधु घाटी सभ्यता के स्रोत की समझ एवं जानकारी है। • हड़प्पा सभ्यता के नगर नियोजन, भवन निर्माण, सड़क निर्माण के बारे में जानते हैं। • हड़प्पा सभ्यता के नगर प्रशासन एवं नगर	• मानचित्र का अवलोकन करते हुए हड़प्पाई स्थलों का पहचान करवा सकते हैं। (शिक्षक द्वारा) • नवपाषाणकालीन संस्कृति के साथ हड़प्पा संस्कृति का अंतर कर सकते हैं । • विश्लेषणः धातुयुग एवं पाषाणकाल का। (शिक्षक द्वारा) • वर्गीकरण : हड़प्पाई वस्तुओं का उसके प्राप्ति स्थल के साथ। जैसेः– देवी–देवता, पशु एवं फसलों (छात्र द्वारा) • चर्चा : हड़प्पा सभ्यता के पतन एवं परवर्त्ती सभ्यताओं के साथ	3 कार्य दिवसों में

		नियोजन की तुलना आज के शहर से करते हैं। • सिंधु घाटी सभ्यता के स्थलों की खोज वर्ष एवं खोजकर्ता को जानते हैं।	संबंधों पर। (शिक्षक द्वारा)	
• वैदिक संस्कृति की विशेषताओं एवं वेदों की महत्ता से अवगत हैं। • प्राचीन काल के विभिन्न धर्मों, विचारों, संप्रदायों के सिद्धांत एवं जीवन दर्शन का विश्लेषण करते हैं। • लोहे के उपयोग के बाद मानव जीवन में होने वाले बदलावों को जानते हैं।	**जीवन के विभिन्न आयाम (अध्याय–6)** **नए प्रश्न : नए विचार** **(अध्याय–8)**	• वैदिक संस्कृति की जानकारी है। • चारो वेद एवं अन्य वैदिक साहित्य की जानकारी है। • सप्त सैंधव क्षेत्र एवं गंगा–यमुना दोआब की भौगोलिक समझ है। • वैदिक धार्मिक विश्वासों की तुलना आज के धार्मिक विश्वास से करते हैं। • वैदिक शिक्षा व्यवस्था की तुलना आज की स्कूली व्यवस्था से करते हैं। • महात्मा बुद्ध एवं महावीर जैन के बारे में जानते हैं। • लोहे के उपकरणों एवं उसके बारे में जानते	• मानचित्र पर वैदिक संस्कृति के स्थलों का अंकन (शिक्षक के द्वारा) • शिक्षक चित्र प्रदर्शित कर वैदिक उपकरणों के महत्व को बता सकते हैं। • पौराणिक कथाओं के माध्यम से वैदिक सामाजिक धार्मिक क्रियाकलापों पर चर्चा (शिक्षक के द्वारा) • वैदिक संस्कृति एवं बौद्ध–जैन संस्कृति में अंतर की विवेचना करना।(शिक्षक के द्वारा) • समूह चर्चा :– लोहे का मानव जीवन में उपयोगिता। (शिक्षक–छात्र के बीच)	3 कार्य दिवसों में

		हैं।		
• महत्वपूर्ण आरंभिक राज्यों के क्षेत्र, वंश एवं शासकों के बारे में बताते हैं। • मौर्य साम्राज्य के उदय की परिस्थिति, उसके शासकों, प्रशासन और अशोक के 'धम्म' का विश्लेषण करते हैं।	**प्रारंभिक राज्य (अध्याय–7)** **प्रथम साम्राज्य (अध्याय–9)**	• राज्य, साम्राज्य एवं महाजनपद का महत्व बताते हैं। • मगध के उत्थान में सहायक तत्वों का विश्लेषण करते हैं। • मौर्य साम्राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था एवं न्याय और स्थानीय व्यवस्था को जानते हैं। • सम्राट अशोक के प्रजाहित कार्यो की तुलना आज के संदर्भ में करते हैं।	• जन, जनपद, महाजनपद और राज्य तथा साम्राज्य में अंतर (शिक्षक के द्वारा) • मानचित्र पर प्रारंभिक राज्य एवं मौर्य साम्राज्य के क्षेत्रों का अंकन। (शिक्षक द्वारा) • मौर्यकालीन प्रशासनिक एवं अन्य व्यवस्थाओं को बताना। (शिक्षक द्वारा पाठ्य पुस्तक के आधार पर) • अशोक के 'धम्म' की विशेषताओं का जीवन के आदर्शो से जोड़कर बताना। (शिक्षक द्वारा) • मौर्य साम्राज्य के पतन के कारणों का विश्लेषण।(शिक्षक के द्वारा) • पाठ्य–पुस्तक में दी गयी मौर्यकालीन चित्रों का अवलोकन शिक्षक के सहयोग से।	3 कार्य दिवसों में
• मौर्योत्तरकालीन, आर्थिक गतिविधियों की समझ है। • संगम काल की समझ है।	**शहरी एवं ग्राम्य जीवन (अध्याय–10)**	• भारत रोम व्यापार का विश्लेषण करते हैं। • खेती के विकास में सिंचाई के साधनों के महत्व को जानते हैं। • सिल्क रूट (रेशम मार्ग) के महत्व को जानते हैं। • संगमकालीन राजवंश,	• मौर्योत्तरकालीन मानचित्र का अवलोकन, विश्लेषण एवं रेशम मार्ग की पहचान।(शिक्षकों के द्वारा) • मौर्योत्तरकालीन सिंचाई के साधनों की जानकारी एवं उसके महत्व पर चर्चा। • रेशम मार्ग से होनेवाले व्यापारिक वस्तुओं की सूची बनाना (पुस्तक	1 कार्य दिवस में

		उसके क्षेत्र एवं राजधानी की जानकारी है।	के माध्यम से छात्र द्वारा) • उत्तर और दक्षिण भारतीय शहरों की सूची बनाना पुस्तक के माध्यम से। • प्राचीन वस्त्र निर्माण केन्द्र को जानने का प्रयास। (मानचित्र के माध्यम से)	
• धर्म, संस्कृति, वास्तुकला आदि के क्षेत्र में भारत का बाहर के क्षेत्रों के साथ संपर्क एवं उनके प्रभावों से परिचित हैं। • बौद्ध धर्म के विदेशों में प्रसार से परिचित होते हैं।	**सुदूर प्रदेशों से संपर्क (अध्याय–11)**	• इण्डो–ग्रीक शासक मिलिन्द के बारे में जानते हैं। • शक, कुषाण एवं उसके शासकों के बारे में जानते हैं। • कनिष्क के साम्राज्य एवं उनकी उपलब्धियों का विश्लेषण करते हैं। • विदेशी संपर्क का भारत पर पड़ने वाले प्रभाव को जानते हैं। • बौद्ध धर्म के दूसरे देशों मे विकास की कार्यों का विश्लेषण करते हैं। • ब्राह्मण धर्म की पुनर्स्थापना और मूर्ति पूजा के प्रचलन की शुरूआत को समझते हैं।	• मानचित्र की सहायता से मौर्योत्तरकालीन राजनैतिक स्थिति की चर्चा कनिष्क के संदर्भ में। (शिक्षक द्वारा) • बौद्ध धर्म और कला पर समूह चर्चा गांधार और मथुरा शैली के संदर्भ में। (शिक्षक एवं पाठ्य–पुस्तक के माध्यम से) • सुदर्शन झील एवं रूद्रदामन की चर्चा–(शिक्षक के द्वारा)	1 कार्य दिवस में

• गुप्त राजवंश एवं राजाओं तथा उनके कार्यों को बताते हैं। • अन्य महत्वपूर्ण राजवंशो, राजाओं के योगदानों को उदाहरण के साथ बताते हैं।	**नए साम्राज्य एवं राज्य (अध्याय–12)**	• गुप्त साम्राज्य के संस्थापक के बारे में जानते हैं। • समुद्रगुप्त एवं प्रयाग प्रशस्ति का विश्लेषण। • चंद्रगुप्त–II विक्रमादित्य की उपलब्धियों को बताते हैं। • गुप्त प्रशासन के बारे में बताते हैं। • हर्षवर्द्धन के राज्य और उनके कार्यों का विवेचन करते हैं। • पल्लव, चालुक्य राज्य एवं उनकी उपलब्धियों के बारे में बताते हैं। • नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना और उसके महत्व के बारे में बताते हैं।	• गुप्त राजवंश की वंशावली चार्ट पेपर के माध्यम से प्रदर्शन। (शिक्षक छात्र के बीच) • मानचित्र पर समुद्रगुप्त एवं गुप्त राजवंश का अंकन एवं साम्राज्य विस्तार की समूह चर्चा। (शिक्षक एवं छात्र के बीच) • मानचित्र पर दक्षिण भारतीय राजवंशों का अंकन। (शिक्षक छात्र के बीच) • विभिन्न राजवंशो के योगदानों के बारे में समूह चर्चा। (शिक्षक छात्र के बीच)	2 कार्य दिवसों में
• उस समय की साहित्यिक रचनाओं में दिए गए वर्णनों, घटनाओं, व्यक्तित्वों का वर्णन करता है। • संस्कृति और विज्ञान के क्षेत्र में भारत के महत्त्वपूर्ण योगदानों की समझ है।	**संस्कृति और विज्ञान (अध्याय–13)**	• पुराण महाकाव्य एवं धार्मिक, लौकिक रचनाओं में अंतर को बताता है। • चौथी से सातवीं शताब्दी के बीच गणितज्ञों एवं उनकी	• रचनाओं का सूचीकरण करते हैं। (शिक्षको के द्वारा) • मंदिरों की तुलना आस–पास के मंदिरों के भ्रमण के द्वारा। • प्राचीन गणितज्ञों की उपलब्धियों का सूचीकरण एवं विश्लेषण (छात्र द्वारा)	1 कार्य दिवस में

• मंदिर निर्माण कला को परिभाषित करते हैं।		उपलब्धियों के बारे में बताते हैं। • विहार चैत्य, स्तूप एवं मंदिर में अंतर को बताते हैं। • ऐतिहासिक स्रोतों के रूप में धार्मिक और लौकिक रचनाओं के विषय वस्तु की जानकारी है।	• अजन्ता–ऐलोरा और बराबर की पहाड़ी के चित्रों का तुलनात्मक अध्ययन। (शिक्षक छात्र के बीच)	
	पुनरावृति			1 कार्य दिवस में

बिहार सरकार

Catch-Up Course

सेतु सामग्री

कक्षा–VII

विषय–सामाजिक विज्ञान

सहयोग– बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, बिहार

अकादमिक सहयोग– यूनिसेफ, बिहार

राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् बिहार, पटना द्वारा विकसित

शैक्षणिक सत्र 2021–22 के लिए तीन महीनों की सेतु सामग्री (Catch up Course)

कक्षा 7 (कक्षा–6 के बच्चे जो सत्र 2021–22 में कक्षा 7 में पढ़ रहे हैं, उनके लिए 60 कार्य दिवसों की सामग्री)

विषयः– सामाजिक विज्ञान (भूगोल)

समान अधिगम प्रतिफल के आधार पर पाठों को समेकित कर कार्य दिवसों के आधार पर विभक्त किया गया है। मूल पाठों की संख्या 9 है जिसे समेकन के पश्चात 6 (छः) अध्यायों के अंतर्गत रखा गया है।

अधिगम प्रतिफल	क्रम संख्या	पाठक्रम संख्या	अध्याय	अवधि
• सौरमंडल के सभी ग्रहों को सूर्य से क्रमशः दूरी तथा आकार एवं रंग के आधार पर जानते हैं। • पृथ्वी पर जीवन की उपस्थिति के कारण को बताते हैं।	1.	1.	हमारा सौरमंडल	4 कार्य दिवसों में
• ग्लोब के माध्यम से पृथ्वी की घूर्णन एवं परिक्रमण गतियों तथा अक्षांश, देशांतर रेखाओं तथा ध्रुवों को बताते हैं। • दिन–रात का होना और मौसम परिवर्तन के कारण बताते हैं।	2.	2. 3.	पृथ्वी और ग्लोब पृथ्वी और गतियाँ	5 कार्य दिवसों में
• पृथ्वी के तीनों मंडलों के बारे में जानते हैं तथा स्थल मंडल, जल मंडल और वायु मंडल के आपसी प्रभाव को बताते हैं।	3.	4.	पृथ्वी के परिमंडल	2 कार्य दिवसों में
• पर्वत, पठार और मैदान में अंतर बताते है तथा मानचित्र पर विभिन्न स्थलरूपों को दर्शाते हैं।	4.	5.	पृथ्वी के प्रमुख स्थलरूप	3 कार्य दिवसों में
• दिशाओं को बताते एवं अंकित करते हैं तथा विद्यालय का नज़री नक्शा बना लेते हैं।	5.	6. 7.	दिशाएँ मानचित्र अध्ययन	3 कार्य दिवसों में
• बिहार की चौहद्दी, पड़ोसी राज्यों एवं भारत के मानचित्र पर स्थिति को बताते हैं। • बिहार की जलवायु, फसलों एवं भौगोलिक विविधताओं को बताते हैं। • बिहार के प्रमुख ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के बारे में बताते हैं।	6.	8. 9.	हमारा राज्य बिहार बिहार दर्शन– 1 एवं 2	3 कार्य दिवसों में

कक्षा – 7 विषय – भूगोल

सीखने का प्रतिफल Learning Outcome	अध्याय Chapters	अधिगम संकेतक Learning Indicators	सुझावात्मक प्रक्रिया Suggestive process	अवधि Duration
• सौरमंडल एवं सभी ग्रहों के बारे में जानते हैं। • तारों, ग्रहों, उपग्रहों जैसे– सूर्य, पृथ्वी, तथा चंद्रमा आदि में अंतर जानते हैं। • पृथ्वी पर जीवन की उपस्थिति के कारण को जानते हैं। • आकाश गंगा के बारे में जानते हैं।	**1.हमारा सौरमंडल**	• सौरमंडल एवं सौर परिवार के बारे में बताते हैं। • सूर्य से सबसे दूर एवं नजदीक के ग्रह का नाम बताते हैं। • सूर्य और तारे के आकार के आधार पर बड़ा–छोटा बताते है। • अंतरिक्ष से देखने पर पृथ्वी के नीला दिखने के कारण जानते हैं। • पृथ्वी के उपग्रह(चंद्रमा) के बारे में बताते हैं। • क्षुद्र ग्रह, उल्का पिंड के बारे में बताते हैं। • आकाश गंगा, सप्तर्षि तारों के समूह एवं ध्रुवतारा के बारे में बात करते हैं। • राशियों, नक्षत्रों के बारे में बात करते हैं।	• शिक्षक बच्चों से सामान्य बातचीत में सूर्य, चंद्रमा तथा पृथ्वी की चर्चा कर सकते हैं। • सौरमंडल के चित्र दिखाते हुए सौर परिवार की जानकारी दे सकते है। • पृथ्वी और चंद्रमा के चित्र दिखाते हुए चंद्रमा के बारे में चर्चा कर सकते हैं। • खगोलीय परिघटनाओं जैसे तारे, ग्रह, उपग्रह(चंद्रमा), ग्रहण आदि को शिक्षक या अभिभावक की सहायता से देख समझ सकते हैं। • नजदीकी खगोल केंद्र या तारामंडल जाकर सौरमंडल की अवधारणा को स्पष्ट कराया जा सकता है। • शिक्षक बच्चों से सौरमंडल की रचना का खेल खेलवा सकते हैं, जिसमें एक बालक को केंद्र में सूर्य की भूमिका में रखकर अन्य बच्चों से ग्रहों की संख्या, आकार, सूर्य से निकटता एवं क्रमशः दूरी तथा ग्रहों के रंग के कपड़ो में रखकर चक्कर लगवा सकते हैं।	4 कार्य दिवसो में

• अक्षांश और देशांतर, ध्रुवों, विषुवत रेखा, कर्क तथा मकर रेखाओं को ग्लोब तथा विश्व के मानचित्र पर पहचानते हैं। • ग्लोब के माध्यम से पृथ्वी की दैनिक गति या घूर्णन के कारण दिन–रात का होना तथा वार्षिक गति के कारण होने वाले मौसम परिवर्तन को जानते है। • ध्रुवों पर लगातार छः माह तक दिन और रात होने के कारण जानते हैं। • ग्लोब में शीत कटिबंध तथा शीतोष्ण कटिबंध में स्थित देशों के नाम बताते हैं।	**2. (क). पृथ्वी और ग्लोब (ख) पृथ्वी और उसकी गतियाँ**	• पृथ्वी की बनावट को समझते हुए ग्लोब और विश्व के मानचित्र में अंतर करते हैं। • संसार के नक्शे पर महादेश और महासागर के नाम को खोजते हैं। • अक्षांश तथा देशांतर रेखाओं, दोनों गोलार्द्धों, ध्रुवों, विषुवत रेखा, कर्क तथा मकर रेखाओं को समझते हैं। • किसी स्थान की स्थिति एवं समय निश्चित करने के लिए देशांतर रेखाओं के महत्व को जानते हैं। • अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा तथा ताप कटिबंधों को पहचानते हैं। • पृथ्वी के दोनों गतियों क्रमशः घूर्णन एवं परिक्रमण तथा उनके कारण क्रमशः दिन–रात का होना तथा मौसम परिवर्तन के बारे में बताते हैं। • ध्रुवों पर लगातार छः माह तक दिन और रात होने के कारण जानते हैं।	• शिक्षक ग्लोब के माध्यम से पृथ्वी की बनावट तथा गतियों की चर्चा कर सकते हैं। • बच्चों के दैनिक जीवन से जुड़ी चीजों जैसे गेंद या नारंगी के उदाहरण से पृथ्वी के आकार तथा दोनों गोलार्द्धो की जानकारी दी जा सकती है। • ग्लोब पर महादेश, महासागर के नाम ढूंढने के लिए बच्चों से कहा जा सकता है। • बच्चों से ग्लोब की खडी और पड़ी रेखाओं की चर्चा कर सकते हैं। • शिक्षक ग्लोब के माध्यम से पृथ्वी की दैनिक गति तथा पृथ्वी द्वारा सूर्य की परिक्रमा चार्ट प्रदर्शित कर वार्षिक गति की अवधारणा स्पष्ट कर सकते हैं। • ग्लोब में ताप कटिबंधों को समझाते हुए विभिन्न कटिबंधों में स्थित देशों की सूची बनवा सकते हैं।	5 कार्य दिवसो में

		• ग्लोब में शीत कटिबंध एवं शीतोष्ण कटिबंध में स्थित देशों के नाम बताते हैं।		
• स्थल मंडल, जल मंडल और वायु मंडल के आपसी संबंध एवं प्रभाव के बारे में बताते है। • पृथ्वी पर जीवन पाए जाने के कारण, इसे एक विशिष्ट खगोलीय पिंड के रूप में समझते हैं। • मानचित्र, चित्र नक्शा या चार्ट पेपर का उपयोग करते हैं। • महासागरों की सूची बनाते हैं। • जलीय, स्थलीय जीवों की वर्गीकृत सूची बनाते हैं। • मनुष्य के लिए जल, थल और वायु की आवश्यकता बताते हुए तीनों मंडलों के महत्व का विश्लेषण करते हैं।	**3. पृथ्वी के परिमंडल**	• जलमंडल, स्थल मंडल तथा वायु मंडल के बारे में जानते हैं। • महासागरों के नाम बताते हैं। • जल संधि तथा स्थल संधि के बारे में जानते हैं। • जीवन के लिए तीनों मंडलों की आवश्यकता के बारे में जानते हैं। • जलीय, स्थलीय जीवों की सूची बनाते हैं। • स्वयं को जैव मंडल का सदस्य मान तीनों मंडलों की आवश्यकता का विश्लेषण करते हैं।	• बच्चो से जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं के बारे में बातचीत करते हुए तीनों मंडलों के बारे में उन्हें बता सकते हैं। • पृथ्वी पर जीवन पाए जाने के कारण इसे एक विशिष्ट खगोलीय पिंड के रूप में बता सकते हैं। • विश्व के मानचित्र पर स्थलमंडल एवं जलमंडल को उपयुक्त रंगों से रंगकर दिखा सकते हैं। • चार्ट पेपर पर वायुमंडल की संरचना का मॉडल चित्र बना सकते हैं।	2 कार्य दिवसो में

• पर्वत, पठार और मैदान में अंतर बताते हैं। • मानचित्र पर भौतिक स्वरूपों जैसे पर्वतो, पठारों मैदानों आदि को अंकित करते हैं। • मानव जीवन पर स्थलीय रूपों के प्रभाव को बताते हैं।	**4. पृथ्वी के प्रमुख स्थलरूप**	• पृथ्वी के विभिन्न स्थलरूपों पर्वत, पठार और मैदान को जानते हैं तथा उसके प्रकार, विशेषताओं तथा महत्व को बताते हैं। • पर्वत एवं उसके प्रकार के बारे में जानते है तथा पर्यावरण एवं मानव जीवन के लिए उसके महत्व को समझते हैं। • पठार के बारे में जानते हैं तथा उनके नाम बताते हैं। • मैदानी भागों में भू–जल के दुरूपयोग के प्रति संवेदनशील हैं। • बिहार के विस्तार का पर्वत, पठार, मैदान के संदर्भ में व्याख्या करते हैं।	• शिक्षक बच्चों से उसके स्थानीय परिवेश के बारे में बातचीत करते हुए पाठ पर आ सकते हैं। • चित्रों के माध्यम से मैदान, पर्वत, पठार को समझा सकते हैं। • परिभ्रमण के दौरान भी पहाड़ और मैदान की अवधारणा को स्पष्ट कर सकते हैं। • बिहार के नक्शे पर मैदान, पर्वत तथा पठार को चिन्हित करवा सकते हैं। • पहाड़ों तथा पठारों के नाम की सूची बनवा सकते हैं। • पहाड़ एवं पठार के रेखाचित्र तथा मिट्टी या अन्य सामग्रियों के मॉडल बच्चों से बनवा कर कक्षा में प्रदर्शित किए जा सकते हैं।	3 कार्य दिवसो में
• दिशाओं के नाम बताते हैं एवं समतल सतह पर उन्हें अंकित करते हैं। • मानचित्र और नजरी नक्शा में अंतर बताते हैं। • मानचित्र का महत्व	**5. (क) दिशाएँ (ख) मानचित्र अध्ययन**	• दिशाओं को पहचानते हैं तथा सूर्य के सामने खड़े होकर अपनी पीठ और हाथों के फैलाव की दिशा बताते हैं। • मानचित्र पर दिशा अंकित करते हैं तथा भारत की चौहद्दी बताते हैं।	• शिक्षक प्रश्नोत्तर विधि द्वारा बच्चों को दिशाओं की जानकारी दे सकते हैं। • मानचित्र तथा इसके प्रकार के बारे में बताऐंगे। • विद्यालय परिसर तथा घर से विद्यालय तक के रास्ते का नजरी नक्शा बनवाया जा सकता हैं।	3 कार्य दिवसो में

जानते हैं तथा अपने आस–पड़ोस का मानचित्र बनाकर उस पर मापक, दिशाएँ तथा अन्य विशेषताओं को रूढ चिन्हों से दिखाते हैं।		• नजरी नक्शा बनाते हैं तथा उसके आधार पर मंजिल तक पहुँचाते हैं। • चित्र और मानचित्र में अंतर समझते हैं। • मानचित्र के प्रकार जानते हैं। • किसी बड़े माप को छोटे स्केल की माप में बदल सकते है। • नजरी नक्शा और मानचित्र में दिए गए संकेतक चिन्हों तथा रंगों को जानते हैं। • मानचित्र के रंगों के महत्व को जानते हैं।	• चार्ट पेपर, मानचित्र आदि की सहायता ली जा सकती है। • समूह कार्य द्वारा बड़े माप को छोटे माप में बदलने का कार्य करा सकते हैं। • मानचित्र में रंगों एवं संकेतों को समूह कार्य द्वारा समझाया जा सकता हैं। • बच्चों को समूह में बाँटकर नजरी नक्शा का निर्माण और प्रस्तुति करवारकर दक्ष किया जा सकता है।	
• बिहार के भौगोलिक विभिन्नताओं की जानकारी है। • राज्य की वनस्पतियों, फसलों, वन्य प्राणियों एवं उनके संरक्षण की आवश्यकता की जानकारी है। • बढ़ती जनसंख्या के कुप्रभावों की जानकारी है।	**6. (क) हमारा राज्य बिहार (ख) बिहार दर्शन – 1 एवं 2**	• बिहार की राजधानी, चौहद्दी तथा प्रशासनिक विभाजन के बारे में जानते हैं और उन्हें बिहार के नक्शे पर चिन्हित करते हैं। • बिहार के जलवायु की प्रकृति तथा हर वर्ष बाढ़ की विभीषिका और उससे प्रभावित होनेवाले क्षेत्रों तथा वहाँ के जनजीवन पर उसके प्रभाव को बताते हैं।	• शिक्षक सामान्य चर्चा से अपने राज्य (बिहार) के बारे में बताते हुए भारत के मानचित्र पर बिहार के पड़ोसी राज्यों के नाम बताने हेतु प्रेरित कर सकते हैं। • जलवायु की जानकारी देने हेतु व्याख्यान विधि की सहायता ले सकते हैं। • मानचित्र में चिन्हित कर राज्य के सभी जिलों, वन क्षेत्रों, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की जानकारी दी जा सकती हैं।	3 कार्य दिवसो में

• बिहार के ऐतिहासिक, धार्मिक तथा दर्शनीय स्थलों की जानकारी है।		• विभिन्न क्षेत्रों में उगने वाली फसलों को जानते हैं तथा खरीफ एवं रबी फसलों के नाम बताते हैं। • कृषि उत्पादों को खाद्य एवं नकदी फसलों में बाँटकर सूचीबद्ध करते है। • राज्य के वन क्षेत्रों तथा यहाँ पाए जानेवाले वन्य जीवों तथा अभ्यारण्यों को जानते हैं। • बढ़ती जनसंख्या के कुप्रभावों जैसे वन–विनाश, प्रदूषण आदि को बताते है। • ऐतिहासिक स्थल का अर्थ तथा महत्व बताते हैं। • बोधगया, विष्णुपद मंदिर, पितृ पक्ष मेला आदि के ऐतिहासिक, धार्मिक महत्व को जानते हैं। • राजगीर के गर्म पानी के कुंड, जल मंदिर, नालंदा विश्वविद्यालय, शांति स्तूप के बारे में बताते हैं। • संग्रहालय तथा पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के कार्यो को जानते हैं।	• कृषि उत्पादों की व्याख्या कर नगदी एवं खाद्य फसलों की सूची, उत्पादन क्षेत्रों की सूची आदि बनवाए जा सकते हैं। • बिहार की बढ़ती जनसंख्या पर चर्चा व्याख्यान तथा प्रश्नोत्तरी विधि से की जा सकती है। • बिहार में पाए जाने वाले जीवों एवं अभ्यारण्यों की जानकारी सूची बनाकर तथा चित्रों द्वारा दी जा सकती है। • बच्चों को सामान्य चर्चा द्वारा बिहार के दर्शनीय एवं ऐंतिहासिक धार्मिक स्थलों की जानकारी दी जा सकती है। • दर्शनीय स्थलों का सूचीकरण करवाकर तथा बच्चों को इन ऐतिहासिक–धार्मिक स्थलों पर परिभ्रमण हेतु ले जाकर उनके अनुभवों को साझा किया जा सकता है। • ऐतिहासिक स्थलों के चित्र चार्ट में चिपकाकर बच्चों से उनपर अनुच्छेद लिखवाकर कक्षा में प्रदर्शित किया जा सकता है। • यू–ट्यूब की मदद से ऐतिहासिक स्थलों को मोबाइल पर दिखा सकते हैं।	

		• बिहार के नक्शे में मुख्य पर्यटन स्थलों का चिन्हित करते हैं। • शेरशाह का मकबरा, गोलघर, महाबोधि मंदिर, महात्मा गांधी सेतु, श्री हरमंदिर साहिब, गाँधी मैदान, के बारे में जानते हैं। • पर्यटन से होनेवाले बौद्धिक ज्ञान तथा परिभ्रमण किए गए जगहों का वर्णन करते हैं।		

बिहार सरकार

Catch-Up Course

सेतु सामग्री

कक्षा–VII

विषय–सामाजिक विज्ञान

सहयोग– बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, बिहार

अकादमिक सहयोग– यूनिसेफ, बिहार

राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् बिहार, पटना द्वारा विकसित

शैक्षणिक सत्र 2021–2022 के लिए तीन महीनों की सेतु सामग्री (Catch-up Course)

कक्षा – 7 (कक्षा 6 के बच्चे जो सत्र 2021–2022 में कक्षा 7 में पढ़ रहे हैं, उनके लिए 60 कार्य दिवसों की सामग्री)

विषय– सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक जीवन

समान अधिगम प्रतिफल के आधार पर पाठों को समेकित कर कार्य दिवसों के आधार पर विभक्त किया गया है। मूल पाठों की संख्या 7 (सात) है जिसे समेकन के पश्चात 6 (छः) अध्यायों के अन्तर्गत रखा गया है।

अधिगम प्रतिफल	पाठ क्रम संख्या	पाठ का नाम	अवधि
• मानवीय विविधताओं को जीवन की समृद्धि से जोड़ते हुए उसके प्रति सम्मान भाव रखते हैं। मानवीय विविधता, समानता एवं असमानता के अंतर को समझते हैं।	1.	विविधता की समझ	2 कार्य दिवसों में
• ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विभिन्न रोजगारों के बारे में जानते हैं।	2.	ग्रामीण एवं शहरी जीवन यापन के स्वरूप	4 कार्य दिवसों में
• वस्तु विनिमय प्रणाली एवं आधुनिक विनिमय प्रणाली की जानकारी रखते हैं।	3.	लेन–देन का स्वरूप	3 कार्य दिवसों में
• सरकार के विभिन्न स्तरों को समझना, उनमें अंतर करना तथा उनकी भूमिका से अवगत हैं।	4.	हमारी सरकार	5 कार्य दिवसों में
• स्थानीय सरकार के विभिन्न संगठन, स्तर एवं कार्यों का वर्णन करते हैं।	5.	स्थानीय सरकार	5 कार्य दिवसों में
• सड़क यातायात के संकेतों एवं सुरक्षा उपायों के प्रति संवेदनशील हैं।	6.	सड़क सुरक्षा उपाय	1 कार्य दिवस में

शैक्षणिक सत्र 2021–2022 के लिए तीन महीनों की सेतु सामग्री (Catch-up Course)

कक्षा – 7 (कक्षा 6 के बच्चे जो सत्र 2021–2022 में कक्षा 7 में पढ़ रहे हैं, उनके लिए 60 कार्य दिवसों की सामग्री)

विषय– सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक जीवन

सीखने का प्रतिफल Learning Outcomes	अध्याय Chapters	अधिगम संकेतक Learning Indicators	सुझावात्मक प्रक्रिया Suggestive process	अवधि Duration
• विविधता से परिचित है। • बच्चें विविधताओं के प्रति सम्मान भाव रखते हैं। • मानवीय एवं सामाजिक विविधताओं के विभिन्न प्रकार का वर्णन करते हैं। • अपने परिवार एवं समाज के समानता एवं असमानता के विभिन्न रूपों में अन्तर करते हैं।	**अध्याय– I** **विविधता की समझ**	• विविधता की समझ विकसित करते हैं। • विविधता से जीवन की समृद्धि का भाव जानते हैं। • संविधान की प्रस्तावना जानते हैं। • भेदभाव एवं असमानता के अन्तर को जानते हैं। • सामाजिक असमानताओं को दूर करने के लिए महापुरूषों द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताते हैं। • बच्चों में विविधताओं को आत्मसात कराते हैं।	• शिक्षक बच्चों के साथ उसके रंग–रुप, वेश–भूषा, भाषा, शारीरिक बनावट आदि से जो भिन्नता दिखती है उससे विविधता की समझ विकसित कर सकते हैं। • पाठ में दिए गए निशान और निशान अहमद की विभिन्नता की चर्चा करते हुए, बच्चों से विभिन्न विविधता की सारणी में रंग–रुप, वेश–भूषा, धर्म, जाति, भाषा, लिंग, खान–पान आदि को शामिल कर सकते हैं। • राष्ट्रगान के माध्यम से विविधता में एकता की समझ विकसित कर सकते हैं। • पाठ में आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों की कहानी या उसी तरह की अन्य कहानियों के माध्यम से विविधता के प्रति सम्मान की समूह चर्चा कर सकते हैं।	2 कार्य दिवसों में
• ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में चल रहे जीवन यापन के लिए विभिन्न व्यवसायों एवं	**अध्याय– II** **ग्रामीण एवं शहरी जीवन यापन के**	• ग्रामीण एवं शहरी परिवेश में जीवन यापन के विभिन्न स्वरूपों– कृषि, पशुपालन, हस्तशिल्प, स्वरोजगार	• शिक्षक बच्चों से चर्चा के माध्यम से 'जीवन यापन' की समझ विकसित कर सकते हैं।	4 कार्य दिवसों में

रोजगार की उपलब्धता की जानकारी रखते हैं। • सरकार द्वारा व्यवसायों को प्रोत्साहन दिए जाने के लिए किए जा रहे कार्यो से अवगत है।	**स्वरूप** **नोट– ग्रामीण एवं शहरी जीवन यापन के स्वरूप को एक साथ बताया गया है।**	(फुटपाथी, दुकानदार, फेरी वाला, मौसमी मजदूर, बड़े दुकानदार) के बारे में बताते हैं। • किसान एवं कृषक मजदूर के बारे में बताते हैं। • स्थायी, अस्थायी एवं सरकारी सेवक के बारे में बताते हैं। • घरेलू सेवक इनके कार्य क्षेत्र, कार्य क्षेत्र की सुविधा–असुविधा के बारे में बताते हैं। • ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जीवन यापन के क्षेत्रों में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयास को जानते हैं।	• शिक्षक बच्चों से उसके घर में उपयोग होने वाली खाद्य सामग्री के माध्यमों की समूह चर्चा कर सकते हैं। • बच्चों से ग्रामीण एवं शहरी परिवेश में जीवनयापन कर रहे लोगों से मिलकर उनकी आजीविका के बारे में जानकारी दे सकते हैं। • बच्चों से अपने क्षेत्र के अनुसार आजीविका संबंधी किए जाने वाले कार्यों की सूची तैयार करवा सकते हैं। सूची को कृषि कार्य, गैर कृषि कार्य, स्वरोजगार आदि में विभाजित कर सकते हैं। • बच्चों से परिवार या आस–पास के कुछ लोगों की सूची तैयार करवा सकते हैं जिसमें व्यक्ति का नाम, काम की जगह, काम की सुरक्षा है या नहीं है, स्वयं का काम या रोजगार आदि का वर्णन हो। • एक स्थायी और नियमित नौकरी, अनियमित काम में किस तरह अलग है, इसकी समूह चर्चा करवा सकते हैं। • शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वालों के जीवनयापन के क्षेत्र में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों जैसे– बैंक लोन, जीविका, बिजली, कौशल विकास, सिंचाई, मनरेगा आदि की चर्चा की जा सकती है।	
• बच्चों में लेन–देन एवं खरीद–बिक्री की समझ विकसित है। • वस्तु विनिमय प्रणाली एवं	**अध्याय– III** **लेन देन का बदलता स्वरूप**	• विनिमय प्रणाली के अर्थ को जानते हैं। • वस्तु विनिमय प्रणाली एवं आधुनिक विनिमय प्रणाली को जानते हैं।	• शिक्षक, बच्चों के साथ बातचीत करते हुए लेन–देन के तरीकों पर चर्चा कर सकते हैं। चर्चा के दौरान विनिमय प्रणाली के अर्थ स्पष्ट कर सकते हैं।	3 कार्य दिवसों में

आधुनिक विनिमय प्रणाली से अवगत है। • आर्थिक गतिविधियों के नियमन में सरकार की गतिविधियों से परिचित हैं। • रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से अवगत है।		• वस्तु विनिमय प्रणाली की कठिनाइयों को जानते हैं। • प्रचलित मुद्रा के बारे में जानते हैं। • धातु मुद्रा की कठिनाइयों को जानते हैं। • मौद्रिक विनिमय प्रणाली एवं डिजिटल विनिमय प्रणाली की सहुलियत एवं समस्याओं के बारे में जानते हैं। • चेक तथा चेक विनिमय प्रणाली को जानते हैं। • ATM मशीन एवं ATM कार्ड को जानते हैं। • बैंक के बारे में जानते हैं। • रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के बारे में बताते हैं।	• बच्चों के सामाजिक परिवेश में वस्तु विनिमय प्रणाली किन रूपों में होता है, इसकी चर्चा करते हुए वस्तु विनिमय प्रणाली को स्पष्ट किया जा सकते है। • धातु मुद्रा, सिक्के, कागजी मुद्रा एवं प्लास्टिक मुद्रा का चार्ट बना सकते हैं। • वस्तु विनिमय, धातु मुद्रा, सिक्के, पत्र मुद्रा, प्लास्टिक मुद्रा की सुविधा और असुविधा की चर्चा कर सकते हैं। • चेक, चेक द्वारा लेन–देन की प्रक्रिया की जानकारी सामूहिक चर्चा द्वारा दी जा सकती है। • ATM मशीन की सुविधा एवं इसके प्रयोग में की जाने वाली सावधानी की चर्चा कर सकते हैं। • रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के बारे में सामूहिक चर्चा करते हुए इसकी जानकारी दे सकते हैं।	
• सरकार के बारे में जानकारी रखते हैं। • सरकार के विभिन्न स्तरों को पहचानते हैं। • केन्द्र सरकार, राज्य सरकार एवं स्थानीय सरकार के बीच अंतर को जानते हैं। • लोकतांत्रिक सरकार की विशेषता से परिचित हैं।	**अध्याय– IV** **हमारी सरकार**	• सरकार एवं सरकार के कार्य के बारे में जानते हैं। • सरकार के अंग– व्यवस्थापिका, कार्यपालिका एवं न्यायपालिका के बारे में जानते हैं। • सरकार के स्तर के बारे में जानते हैं। • केन्द्र शासित प्रदेशों के बारे में जानते हैं। • राजतंत्र एवं लोकतंत्र सरकार के बारे में जानते हैं तथा अन्तर बताते हैं।	• शिक्षक, बच्चों से सामान्य बातचीत में सरकार और सरकार की आवश्यकता की चर्चा कर सकते हैं। • अखबारों के मुख्य समाचार के माध्यम द्वारा सरकार के कार्यों की चर्चा कर सकते हैं। • सरकार के कार्यो के आधार पर सरकार के स्तर की जानकारी दे सकते हैं। • भारत के मानचित्र में केन्द्र शासित प्रदेशों को चिह्नित कर सकते हैं। (अद्यतन जानकारी दें)	5 कार्य दिवसों में

		• सार्वभौम वयस्क मताधिकार हेतु किए गए संघर्ष के बारे में जानते हैं। • लोकतांत्रिक सरकार के मुख्य तत्त्व बताते हैं। • विवादों के समाधान में सरकार की भूमिका के बारे में जानते हैं। • सामाजिक समानता एवं न्याय के संबंधों को जानते हैं। • लोककल्याण के प्रति संवेदनशील हैं।	• चर्चा के माध्यम से राजतंत्र और लोकतंत्र के बारे में बताया जा सकता है और इससे संबंधित रोल प्ले करा सकते हैं। • रोल प्ले से निकले बिन्दुओं से लोकतंत्र और राजतंत्र के अंतर को स्पष्ट कर सकते हैं। • भारत में स्वतंत्रता आन्दोलन और सार्वभौम वयस्क मताधिकार हेतु किए गए संघर्षों की जानकारी सामूहिक चर्चा के माध्यम से दी जा सकती है। • पाठ्यपुस्तक में दिए गए लोकतांत्रिक सरकार के मुख्य तत्त्व – भागीदारी, समस्याओं का समाधान एवं समानता एवं न्याय के प्रमुख सिद्धांतों की सामूहिक चर्चा कर सकते हैं। • लोकतांत्रिक सरकार के प्रति संवेदनशीलता उभरने की कोशिश कर सकते हैं।	
• स्थानीय स्वशासन के विभिन्न संगठन, स्तर एवं कार्यों का वर्णन करते हैं। • स्थानीय स्वशासन की संस्थाओं का विभिन्न संस्थाओं से सह संबंध से परिचित हैं। • स्थानीय स्तर पर सरकार की भूमिका की जानकारी रखते हैं। • नगरीय स्थानीय शासन	**अध्याय– V** **स्थानीय सरकार**	• स्थानीय सरकार यानि ग्राम पंचायत के बारे में जानते हैं। • ग्राम पंचायत के गठन के बारे में जानते हैं। • मतदाता सूची की जानकारी बताते हैं। • ग्राम पंचायत के सचिव के बारे में जानते हैं। • पंचायती राज व्यवस्था में आरक्षण व्यवस्था के महत्व को जानते हैं। • ग्राम पंचायत के कार्यों को जानते हैं। • ग्राम पंचायत के आय के साधन को जानते हैं।	• शिक्षक, बच्चों से उनके गाँव के मुखिया, सरपंच, सचिव, वार्ड के नाम पूछते हुए ग्राम पंचायत के बारे में सामूहिक चर्चा कर सकते हैं। • शिक्षक, बच्चों से पाठ्यपुस्तक के आधार पर स्थानीय सरकार यानि ग्राम पंचायत के गठन, प्रतिनिधियों के कार्यकाल, पंचायत सचिव, पंचायत निर्वाचन में आरक्षण तथा पंचायत में आय के साधनों की चर्चा कर सकते हैं। • पाठ्यपुस्तक में दिए गए गाँव प्रशासन की बात करते हुए पुलिस तथा थानों के कार्यों की जानकारी दी जा सकती है। इनके	5 कार्य दिवसों में

के आय के स्रोत को जानते हैं।		• पुलिस, थाना के कार्यों को बताते हैं। • हलका कर्मचारी के कार्यों को बताते हैं। • हिन्दु अधिनियम 2005 को बताते हैं। • शहर बनाने की प्रक्रिया को बताते हैं। • नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचायत के कार्य संचालन हेतु बनी समितियों के बारे में बताते हैं। • नगरीय स्थानीय शसन के लोक कल्याणकारी कार्यों के बारे में जानते हैं।	कार्यों को समझाने हेतु आस–पास के घटित घटनाओं में पुलिस की भूमिका की चर्चा कर सकते हैं। • हलका कर्मचारी, अंचल निरीक्षक, अंचलाधिकारी, भूमि सुधार समाहर्ता, जिलाधिकारी इत्यादी की चर्चा, भू–राजस्व की जानकारी देते हुए की जा सकती है। • हिंदु अधिनियम धारा 2005 की जानकारी दे सकते हैं। • पाठ्यपुस्तक द्वारा नगरों के स्थानीय शासन की चर्चा कर सकते हैं। • ग्राम पंचायत और नगर निगम के आय के साधनों की जानकारी दे सकते हैं।	
• यातायात संबंधी विभिन्न संकेतकों एवं नियमों के अनुपालन के प्रति संवेदनशील है।	**अध्याय– VI सड़क सुरक्षा उपाय**	• लाल, हरी, पीली बत्ती के संकेत को जानते हैं। • फुटपाथ और जेब्रा क्रॉसिंग के बारे में जानते हैं। • पैदल चलते एवं सड़क पार करने में सावधानियों को जानते हैं। • रेलवे क्रॉसिंग के बारे में जानते हैं। • यातायात संकेतकों को जानते हैं।	• शिक्षक, बच्चों से उनके आने–जाने के क्रम में लाल, हरी, पीली बत्ती के बारे में बातचीत करेंगे। • फुटपाथ और जेब्रा क्रॉसिंग की उपयोगिता से परिचित कराते हैं। • सड़क पर पैदल चलने के दौरान कौन–कौन सी सावधानियाँ बरतनी है, उनके अनुभव को सुनते हुए शिक्षक बड़े समूह में सड़क सुरक्षा की अवधारणा स्पष्ट करेंगे। • विभिन्न यात्राओं के दौरान सड़क पर मिलने वाली रेलवे क्रॉसिंग तथा उन्हें पार करने में बरती जाने वाली सावधानियों की सूची तैयार कर सकते हैं। • मुख्य यातायात संकेतक को एक चार्ट में बनाकर वर्ग कक्ष में लगा सकते हैं।	1 कार्य दिवस में

बिहार सरकार

Catch-Up Course

सेतु सामग्री

कक्षा– VIII

विषय–सामाजिक विज्ञान

सहयोग– बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, बिहार

अकादमिक सहयोग– यूनिसेफ, बिहार

राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् बिहार, पटना द्वारा विकसित

शैक्षणिक सत्र 2021–22 के लिए तीन महीनों की सेतु सामग्री (Catch-up Course)

कक्षा – 8 (कक्षा – 7 के बच्चे जो सत्र 2021–22 में कक्षा–8 में पढ़ रहे हैं, उनके लिए 60 कार्य दिवसों की पाठ्य सामग्री)

विषयः–समाजिक विज्ञान (इतिहास) अतीत से वर्तमान – भाग – 02

समान अधिगम प्रतिफल के आधार पर पाठों को समायोजित कर कार्य दिवसों के आधार पर विभक्त किया गया है। मूल पाठों की संख्या 10 (दस) है जिसे समायोजन के पश्चात 8 (आठ) अध्यायों के अंतर्गत रखा गया है।

अधिगम प्रतिफल	क्रम संख्या	पाठ क्रम संख्या	पाठ का नाम	अवधि
मध्यकाल का अध्ययन करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले स्रोतों एवं महत्वपूर्ण ऐतिहासिक बदलावों को स्थान विशेष के साथ जोड़कर देखते हैं।	1.	1	कब, कहाँ और कैसे?	2 कार्य दिवसों में
मध्यकाल के दौरान सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक बदलावों का विश्लेषण करते हैं।	2.	2	नए राज्य एवं राजाओं का उदय	2 कार्य दिवसों में
सल्तनतकालीन शासकों की उपलब्धियों तथा प्रशासनिक उपायों एवं उनकी नीतियों का विश्लेषण करते हैं।	3.	3	तुर्क अफगान शासक	3 कार्य दिवसों में
मुगलकालीन शासकों की उपलब्धियों एवं प्रशासनिक व्यवस्था एवं सुधारों की विवेचना एवं तुलनात्मक व्याख्या करते हैं।	4.	4	मुगल साम्राज्य	3 कार्य दिवसों में
मंदिरों, मस्जिदों, मकबरों एवं महलों के निर्माण में अपनाई गई विशिष्ट शैलियों और तकनीकों का वर्णन करते हैं।	5.	5	शक्ति के प्रतीक के रूप में वास्तुकला किले एवं धार्मिक स्थल	2 कार्य दिवसों में
मध्यकाल में शहरों के उत्थान एवं शहरी जीवन की विशेषताओं की जानकारी है।	6.	6	शहर, व्यापारी एवं कारीगर	2 कार्य दिवसों में
उन कारकों एवं परिस्थितियों की विवेचना, व्याख्या एवं विश्लेषण करते हैं जिससे नए धार्मिक विचारों एवं आंदोलनों का उद्भव हुआ।	7.	7	सामाजिक–सांस्कृतिक विकास	3 कार्य दिवसों में
